



# Story 25

My story in my own words.

ਸਤ ਸ੍ਰੀ ਅਕਾਲ

मेरा नाम नितन है मैं बीस साल का हु मै एक मध्यम वर्गीय परिवार से आता हूं मुझे मेरी **sexuality** का बोहोत पहले से पता था पर ये नही पता था कि में हु क्या बचपन में तो मुझे ऐसा लगता था कि में अकेला है इस दुनिया मे ऐसा हु जिसको लड़का होकर लड़के पसंद है धीरे धीरे समझ आयी मोबाइल हाथ मे आया तो इंटरनेट चलाना शुरू किया तब जाकर समझ मे आया कि में इस दुनिया मे अकेला ऐसा नही हु जिसको लड़के पसन्द है मेरे जैसे ओर भी लोग है जिनको गे कहा जाता है पर ये सब पता चलने से पहले ही मेरे फेमिनिन बिहेवियर की वजह से मेरे कुछ सेक्सुअल एनकाउंटर्स भी हुए स्कूल में धीरे धीरे सब लड़को को मेरे गे होने का पता चल गया अब वो सब परेशान करते थे मारते थे साथ मे नही खिलाते थे मुझे आज भी याद है मुझे मेरी क्लास में सबसे पीछे बैठाया जाता था में पढ़ने में कमजोर था या मुझे कोई बीमारी थी इस वजह से नही क्योंकि मैं गे इसलिए सबसे लास्ट बेंच पे मुझे अकेले बिठाया जाता था अगर सबसे आगे बैठता ब तो कोई भी मेरे साथ न बैठता बुरा तो लगता था पर एक बात थी जब भी क्लास में किसी की लड़ाई होती तो वो मेरे पास आकर बैठ जाता खैर मैन अपना स्कूल बदल लिया उसके बाद घर पे भी भाई पहले बोहोत **homophobic** था वो मुझे किन्नर लड़की कह देता था कभी कभी गुस्से में जिसकी वजह से मर जाने का भी ख्याल आया एक बार कोशिश भी की पर फिर माँ का ख्याल आगया ज़िन्दगी चलती रही स्कूल से कॉलेज में शिफ्ट हुए होश संभाला तो इस वक़्त में एक लड़के के साथ रिलेशन में था बोहोत अच्छी चल रही थी रिलेशनशिप पर एक दिन उसने धोखा दे दिया जिसकी वजह से में डिप्रेस्ड हो गया मेरे भाई ने तब ये सब महसूस किया कि ये कुछ स्ट्रेस्ड है तो मैने एक दिन हिम्मत करके मेरे भाई को अपने बारे में बता दिया कुछ वक्त लगा पर अब वो मुझे सपोर्ट करता है अभी मेरे पेरेंट्स को बताना बाकी है वो भी वक़्त आने पर बता दूँगा मेरी लाइफ के हिसाब से जो मेने देखा या सहा उसकी वजह से मैने लोगो को सुनने का सोचा कि मेरे जैसे जो ओर है उन मेसे कई ऐसे होंगे जिनके पास कोई बात करने के लिए या उनको सुनने के लिए कोई नई होगा तो मैने अपने दोस्त जो **mansa foundation** में काम करते है उनसे बात की तो उन्होंने मुझे **NGO** का हिस्सा बनाया और हम कुछ लोगो ने मिलके दुसरो की बाते सुनना शुरू किया **as a listener and motivational speakers** सुनना शुरू किया अब बस अपने **goal** पे फोकस है एंड किसी का साथ मिओ जाए तो ओर भी बेटर है

अगर कोई सैड फील करता हो बात करना चाहता हो खुद की कोई प्रॉब्लम शेयर करना चाहता हो तो कृपया मुझे इंस्टाग्राम पर संपर्क करें